The Speaker made reference to the passing away of Shri Surup Singh Hirya Nayak, Member of 6th and 7th Lok Sabhas

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ, मुझे सभा के हमारे पूर्व साथी श्री सुरूप सिंह हिर्या नाइक के निधन के बारे में सूचित करना है । वे महाराष्ट्र के नंदुरबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री नाइक 8 कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान सभा के माननीय सदस्य रहे । वे महाराष्ट्र विधान सभा के माननीय सदस्य भी रहे । उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दी ।

श्री सुरूप सिंह हिर्या नाइक का निधन 24 दिसम्बर, 2025 को 87 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र के नंदुरबार में हुआ ।

यह सभा श्री सुरूप सिंह हिर्या नाइक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में मौन रहेगी ।

11.02 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष **:** ॐ शांति: शांति: शांति: ।